Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to extend the benefit of Pradhan Mantri Kisan Samman Nidhi scheme to all the eligible farmers in Chhattisgarh - Laid.

श्री चुन्नी लाल साहू (महासमुन्द): प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से सरकार लक्ष्य 14 करोड़ सीमांत किसानों को लाभ पहुंचाना है लेकिन अब तक केवल 7 करोड़ किसानों को ही इस योजना में शामिल किया गया है जिसमें सरकार द्वारा उचित कार्यवाही के लिए राज्य के स्थानीय पटवारी, राजस्व अधिकारी और नामित नोडल अधिकारियों को किसानों के नामांकन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी । जिन किसानों को वन अधिकार पट्टा मिला है उन किसानों को अब तक केन्द्र सरकार द्वारा प्रदान की जा रही किसान सम्मान निधि प्रति किस्त 2,000, तीन किस्तों में 6,000 रूपये सालाना मिलने चाहिए जो उनका अधिकार है, आज तक नहीं दी गई है । छत्तीसगढ़ राज्य के अधिकारियों द्वारा ऐसी लापरवाही उन गरीब किसानों के लिए एक अभिशाप से कम नहीं है जिनका नाम आज सर्वे सूची में नहीं जोड़ा गया ।

अतः सरकार से मेरी पुनः गुजारिश है कि उन लोगों का नाम सर्वे सूची में नहीं जुड़ा है जो इसके पात्र हैं । अतिशीघ्र इस ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए उन सीमांत कृषकों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में जोड़ा जाए ।